**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**15.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज दिल्ली में कांग्रेस के नए राष्ट्रीय कार्यालय के उदघाटन समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी मौजूद रहेंगी। मुख्यमंत्री व पार्टी अध्यक्ष इस दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठन को लेकर भी वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री का आज शाम को शिमला लौटने का कार्यक्रम है और वे कल कांगड़ा प्रवास के लिए रवाना होंगे।

**महाकुंभ**

प्रयागराज में दिव्य महाकुंभ का पावन स्नान पूरी आस्था और उल्लास के साथ जारी है। कल मकर संक्रांति के अमृत स्नान के अवसर पर साढे तीन करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भाषिणी के सहयोग से महाकुंभ में बहुभाषायी सुगमता का तकनीकी प्रबंध किया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी......

——डिस्पैच——

महाकुंभ में श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों को भाषा अनुवाद प्लेटफॉर्म भाषिणी के जरिए 11 विभिन्न भाषाओं की सुविधा उपलब्ध हो रही है। इस प्लेटफॉर्म पर डिजिटल खोया पाया समाधान के जरिए लोग अपनी भाषा में खोई या पाई गई वस्तुओं का विवरण दर्ज कर रहे हैं, तो वही आसान संवाद के लिए वास्तविक समय में दर्ज की गई विवरण का अनुवाद भी हो रहा है। इसके जरिए अधिकारियों के साथ निर्बाध संवाद भी स्थापित हो रहा है।

इधर हिमाचल प्रदेश से भी इस दिव्य महाकुंभ में पावन स्नान के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। प्रयागराज जाने के लिए हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला से 6 स्पेशल ट्रेनें चलाने का कार्यक्रम है, जिसके तहत पहली रेलगाड़ी 17 जनवरी को रात दस बजे स्टेशन से रवाना होगी। इसके अलावा 20, 25 जनवरी और 9, 15 व 23 फरवरी को भी ये विशेष ट्रेनें संचालित होंगी।

**सेना दिवस**

77वां थल सेना दिवस आज गर्व और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शिमला के रिज मैदान पर आर्मी ट्रेनिंग कमांड द्वारा "Know Your Army" कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में लोगों को देश की सेना के बारे में जानकारी मिलेगी। कार्यक्रम में सेना के हथियार, उपकरणों की प्रदर्शनी, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, सेल्फी प्वाइंट, मिलिट्री बैंड प्रस्तुति सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके अलावा भारतीय सेना में शामिल होने की जानकारी भी युवाओं में साझा की जाएगी।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने नशे की बढ़ती प्रवृति पर चिंता जताते हुए इसके खात्मे के लिए समाज के हर वर्ग से आगे आने का आह्वान किया है। सोलन जिले के अर्की उपमंडल के तहत शालाघाट में खेल खलाओ–नशा भगाओ की थीम पर अर्की कल्याण संस्था द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं का संपूर्ण विकास होता है और वे अपने लक्ष्य को भी हासिल कर सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि नशे के विरूद्ध प्रदेश पुलिस बेहतर कार्य कर रही है लेकिन इसमें लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है।

**सूर्य योजना**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत चंबा जिला के सात राजस्व गांवों को चिन्हित किया गया है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को केंद्रीय वित्तीय सहायता देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने ये भी कहा कि चिन्हित किए गए सात गांव में से सर्वाधिक सोलर संयंत्र स्थापित करने के बाद एक जिला स्तरीय समिति की ओर से सोलर मॉडल गांव चिन्हित किया जाएगा, जिसके लिए केंद्र सरकार की ओर से एक करोड़ रूपए की वित्तीय सहायता का प्रावधान भी किया गया है।

**फोक फैस्टिवल**

पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में आयोजित हिमालयन फोक फैस्टिवल में चंबा को शानदार प्रदर्शन के लिए तीसरा स्थान मिला है। नॉट ऑन मैप संस्था की ओर से चलो चंबा अभियान के तहत फैस्टिवल में लोगों को चंबा की संस्कृति देखने को मिली। पुरस्कार प्राप्त करने वाले जिला के लोक गायक सन्नू राम ने कहा कि विश्व स्तरीय इस फैस्टिवल में उन्हें अपनी कला व संस्कृति को गीतों के माध्यम से देश–विदेश के लोगों को बताने का मौका मिला है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आज शाम से एक बार फिर राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके चलते ऊपरी क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की संभावना है।

**इसी के साथ यह समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 11 बजे नमस्कार**